रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
5 नवंबर 2023, बरेली

PAGE NO, 08, MIDDLE

टेबल टेनिस में गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर का दबदबा

लखनऊ, आगरा, प्रयागराज समेत एक दर्जन जिलों के वरीय खिलाड़ी शामिल

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में 10वीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शनिवार को शुभारंभ हुआ। छह नवंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में 310 खिलाड़ियों के बीच करीब 600 मुकाबले खेले जाने हैं। पहले दिन गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर का जलवा देखने को मिला।

कैडेट गर्ल्स अंडर-13 वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में वाराणसी की अनोखी ने आगरा की अदिति को, आगरा की अंशिका ने गौतमबुद्ध नगर की अदरीजा को, गाजियाबाद की रिद्धिमा ने प्रयागराज की रिद्धि को, लखनऊ की साक्षी तिवारी ने गाजियाबाद की अक्षिता को, लखनऊ की स्वाति चंद्रा ने गाजियाबाद की सानवी को, गौतम बुद्ध नगर की नायला ने प्रयागराज की अंशिका को, लखनऊ की ऐशाना अग्रवाल ने गाजियाबाद की परिस्का को और प्रयागराज की शालिनी देवी ने गाजियाबाद की अवनीत कौर को पराजित किया। कैडेट बायज अंडर-13 के प्री क्वार्टर फाइनल में लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने गोरखपुर के तेजस मौर्य को, गाजियाबाद के अर्णव ने लखनऊ के अदवई मेहता को, गौतमबुद्ध नगर के मनित ने अपने ही शहर के तेगबहादुर को, इटावां के अनय राज वर्मा ने गाजियाबाद के पारस जैन को, गाजियाबाद के प्रवर पांडे ने गौतमबुद्ध नगर के दक्ष चौधरी को, गौतमबुद्ध नगर के ईशान बब्बर ने सिद्धांश जैन को, आगरा के केशव खंडेलवाल ने गाजियाबाद के अर्णव जैन को, लखनऊ के वीर ने प्रयागराज के विशाल को हराया। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, संस्थान के डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतियोगिता से पहले कार्यक्रम का शनिवार को अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते बच्चे।